PVG's

Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

Formative Written Test - I (2024 - 2025)
Standard - VIII

Subject - Hindi (Entire) | **Marks - 20**
Date - 8.8.2024 | **Time - 8.15 a.m. to 9.30 a.m.**

सूचना :– शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

सूचनाएँ :–

१) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।

२) शुद्ध, स्पष्ट भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

विभाग १ - गद्य

कृति १ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

एक राजा था । उसके चार बेटियाँ थीं । राजा ने सोचा कि इन चारों में से जो सबसे बुद्धिमती होगी, उसे ही अपना राजपाट सौंपेगा । इसका फैसला कैसे हो ? वह सोचने लगा । अंत में उसे एक उपाय सूझ गया ।

उसने एक दिन चारों बेटियों को अपने पास बुलाया । सभी को गेहूँ के सौ - सौ दाने दिए और कहा, इसे तुम अपने पास रखो, पाँच साल बाद मैं जब इन्हें माँगूँगा तब तुम सब मुझे वापस कर देना ।

गेहूँ के दाने लेकर चारों बहनें अपने - अपने कमरें में लौंट आई । बड़ी बहन ने उन दानों को खिड़की के बाहर फेंक दिया । उसने सोचा, 'आज से पाँच साल बाद पिता जी को गेहूँ के इन दानों की याद रहेगी क्या ? और जो याद भी रहा तो क्या हुआ ...., भंडार से लेकर दे दूँगी ।'

दूसरी बहन ने दानों को चाँदी की एक डिब्बी में डालकर उसे मखमल के थैले में बंद करके सुरक्षा से अपनी संदूकची में डाल दिया । सोचा, पाँच साल बाद जब पिता जी ये दाने माँगेंगे, तब उन्हें वापस कर दूँगी ।

तीसरी बहन बस सोचती रही कि इसका क्या करूँ । चौथी और छोटी बहन तनिक बच्ची थी । शरारतें करना उसे बहुत पसंद था । उसे गेहूँ के भुने दाने भी बहुत पसंद थे । उसने दानों को भुनवाकर खा डाला और खेल में मग्न हो गई ।

१) आकृति पूर्ण कीजिए । **(१)**

i) राजा की कितनी बेटियाँ थी
↓
[ ]

ii) राजा कितने साल बाद गेहूँ के दाने माँगने वाले थे
↓
[ ]

२) अ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए। (१)

i) फैसला = ☐

ii) बेटी = ☐

आ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। (१)

i) खिड़की = ☐

ii) बहनें = ☐

३) अभिव्यक्ति =
'उपर्युक्त गद्यांश' से मिलने वाली सीख पर अपने विचार ६ - ८ पंक्तियों में लिखिए। (२)

विभाग –२ पद्य

कृति २ आ) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

माथे पे तू हो चंदन, छाती पे तू हो माला;
जिह्वा पे गीत तू हो मेरा, तेरा ही नाम गाऊँ ।।

जिससे सपूत उपजें, श्री राम - कृष्ण जैसे;
उस धूल को मैं तेरी निज शीश पे चढ़ाऊँ ।।

माई ! समुद्र जिसकी पद रज को नित्य धोकर;
करता प्रणाम तुझको, मैं वे चरण दबाऊँ ।।

सेवा में तेरी माता ! मै भेदभाव तजकर;
वह पुण्य नाम तेरा, प्रतिदिन सुनूँ - सुनाऊँ ।।

तेरे ही का आऊँ, तेरा ही मंत्र गाऊँ ।
मन और देह तुम पर बलिदान मैं जाऊँ ।।

१) आकृति पूर्ण कीजिए। (१)



२) i) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। (१)

क) समुद्र = [ ]

ख) देह = [ ]

ii) निम्नलिखित विरामचिह्नों के नाम लिखिए। (१)

	चिह्न	नाम
ग)	।	
घ)	?	

३) अभिव्यक्ति =
'माई ! समुद्र जिसकी पद ....
.... प्रतिदिन सुनूँ - सुनाऊँ ।।

उपर्युक्त पंक्तियों का सरल अर्थ ६ - ८ पंक्तियों मे लिखिए। (२)

विभाग ३ व्याकरण

कृति ३ सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

१) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए। (१)

१) उमा ने गाना गाया।

कारक चिह्न	कारक भेद

२) निम्नलिखित वाक्य में सहायक क्रिया पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए। (१)

१) मुझे बैंक की नौकरी करनी पड़ी।

सहायक क्रिया	मूल रुप

३) निम्नलिखित क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक और द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए। (१)

	क्रिया	प्रथम प्रेरणार्थक रूप	द्‌वितीय प्रेरणार्थक रूप
१)	चलना		

४) अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए। (१)

१) आपके लड़की अच्छी गाती है।

५) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। (१)

१) गले लगाना -

विभाग ४ – उपयोजित लेखन

कृति ४ निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर ७० से ८० शब्दों में रोचक कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए तथा सीख भी लिखिए। (५)

एक बूढ़ा किसान - तीन आलसी लड़के - किसान का लड़कों को बुलाना - ''अपने खेत में एक खजाना गड़ा हुआ है'' - किसान की मृत्यु - लड़को का सारा खेत खोद डालना - बारिश - अच्छी फसल - लड़कों को हर साल खजाना मिलना - सीख।

❖❖❖